# 'आयात पर निर्भरता नामंजूर'

## प्रधानमंत्री ने किया 'उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव' का उद्घाटन

रमणी रंजन महापात्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि यह बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है कि देश कच्चे माल का निर्यात करे और उसी से तैयार उत्पाद वापस आयात किए जाएं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपने कच्चे माल से यहीं सामान तैयार होना चाहिए। भुवनेश्वर में 'उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव' का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि आयात आधारित आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भर रहकर देश का विकास नहीं हो सकता। आज तेजी से बदलती दुनिया में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी अनेक चुनौतियां हैं। हमें एक मजबूत आपूर्ति एवं मूल्यवर्धन श्रृंखला खड़ी करनी होगी ताकि हमारे ऊपर बाहरी उतार-चढ़ाव का असर कम से कम हो।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार के साथ-साथ उद्योग जगत की भी यह जिम्मेदारी है कि वह इस दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने उद्योग जगत के दिग्गजों से यह भी अनुरोध किया कि वे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के साथ युवाओं के नेतृत्व वाली स्टार्टअप को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा, 'आज केवल कच्चे माल के निर्यात पर निर्भर रहकर देश का तेजी से विकास नहीं किया जा सकता। खनिजों को यहां निकाला जाता है और उन्हें किसी अन्य देश में निर्यात किया जाता है, जहां उनका मूल्यवर्धन किया जाता है और नए उत्पाद बनाए जाते हैं। इन तैयार उत्पादों को फिर भारत वापस भेज दिया जाता है। मैं इस परिपाटी में बिल्कुल भरोसा नहीं करता।' उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है कि ओडिशा के संसाधनों से संबंधित उद्योग यहीं खड़े किए जाएं और यहीं उत्पाद तैयार हों। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था दो प्रमुख स्तंभों नवोन्मेषी सेवा क्षेत्र और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद पर टिकी हुई है। मोदी ने कहा, 'हरित नौकरियों की संभावना भी काफी बढ़ रही है। समय की मांग और आवश्यकताओं के अनुकूल बनने की जरूरत है। भारत हरित प्रौद्योगिकी और हरित भविष्य पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसमें सौर, पवन, जल और हरित हाइड्रोजन शामिल हैं जो विकसित भारत की ऊर्जा सुरक्षा को शक्ति प्रदान करेंगे।' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की उपलब्धि अब दूर नहीं है। करोड़ों लोगों की आकांक्षाएं भारत को विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा, 'आज भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित होकर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। यह एआई का युग है और हर कोई इसके बारे में बात कर रहा है। हालांकि, सिर्फ एआई नहीं, बल्कि भारत की आकांक्षाएं हमारी शक्ति हैं। आकांक्षाएं तब बढ़ती हैं जब लोगों की जरूरतें पूरी होती हैं। पिछले दशक में देश ने करोड़ों लोगों को सशक्त बनाने का लाभ देखा है। ओडिशा भी उसी आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है।'

मोदी ने कहा कि 21वीं सदी 'कनेक्टेड इन्फ्रास्ट्रक्चर ऐंड मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी' की सदी है। उन्होंने कहा, 'भारत अभूतपूर्व गति से और व्यापक स्तर पर विशेष बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है। यह भारत को निवेश के लिए एक बेहतरीन गंतव्य बनाएगा।'


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी

### उम्मीद से ज्यादा निवेश प्रस्ताव

**मुख्यमंत्री** मोहन चरण माझी ने कहा कि सरकार को सम्मेलन के दौरान 5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिलने की उम्मीद थी मगर अनुमान से तीन गुना निवेश आ सकता है। वेदांत रिसोर्सेज के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला, जेएसडब्ल्यू चेयरमैन सज्जन जिंदल, आईटीसी चैयरमैन और प्रबंध निदेशक संजीव पुरी और जेएसपीएल समूह के चेयरमैन नवीन जिंदल ने भी इस निवेश सम्मेलन में हिस्सा लिया।

अपने बयान में अवादा समूह ने मंगलवार को कहा कि ओडिशा में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के विकास के लिए समूह ने 20,700 करोड़ रुपये के निवेश समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे राज्य में 1,500 मेगावॉट फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजना, 1,000 मेगावॉट की दो पंप स्टोरेज परियोजनाएं और हरित ऊर्जा उपकरण विनिर्माण इकाइयां स्थापित की जाएंगी।

# 'भारत में ओलिंपिक होंगे तो खेलों को मिलेगी नई ऊंचाई'

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत 2036 ओलिंपिक की मेजबानी के लिए पूरा जोर लगा रहा है और देश में ओलिंपिक होंगे तो वह न सिर्फ भारत में खेलों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे बल्कि इनसे अनेक क्षेत्रों को गति मिलेगी।

देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'जैसे हमारे खिलाड़ी हमेशा बड़े लक्ष्य लेकर चलते हैं, वैसे ही हमारा देश भी बड़े संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है।' उन्होंने कहा, 'आप सभी जानते हैं कि भारत 2036 ओलिंपिक की मेजबानी के लिए पूरा जोर लगा रहा है। जब भारत में ओलिंपिक होंगे तो वह भारत के खेलों को नए आसमान पर ले जाएंगे।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'ओलिंपिक सिर्फ एक खेल का आयोजन नहीं होता। दुनिया के जिन देशों में भी ओलिंपिक होता है, वहां अनेक क्षेत्रों में विकास को गति मिलती है। खेलों का बुनियादी ढांचा खड़ा होने से रोजगार का सृजन होता है।' **भाषा**

# सरकारी स्कूलों में सीखने के स्तर में सुधारः रिपोर्ट

अर्चिस मोहन

**शिक्षा** से जुड़ी वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (असर) में यह पाया गया है कि सरकारी और निजी स्कूलों में दाखिला 2018 के स्तर पर पहुंच गया है। मंगलवार को जारी असर 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना महामारी के दौर में सरकारी स्कूलों में दाखिले में बढ़ोतरी आवश्यकता बन गई थी, न कि यह कोई विकल्प था। इस रिपोर्ट में कहा गया कि यह देश की अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों में सुधार का सबूत है।

रिपोर्ट के मुताबिक स्कूल जाने वाले बच्चों के सीखने के स्तर में महामारी के दौरान कमी देखी गई थी जिसमें अब सुधार दिख रहा है। सीखने के स्तर में सुधार पिछले 20 वर्षों के दौरान भी नहीं देखा गया जब से स्कूली छात्रों की बुनियादी स्तर पर पढ़ने और अंकगणितीय क्षमताओं से जुड़े डेटा पेश किए जा रहे हैं। असर की रिपोर्ट में इसकी निदेशक विलिमा वाधवा ने इसका श्रेय नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को दिया है और उनका जोर बुनियादी कौशल पर है।



रिपोर्ट के अनुसार सरकारी स्कूलों में सुधार का स्तर बेहतर रहा है जबकि निजी स्कूलों में सीखने का स्तर महामारी के पहले के दौर से अब भी नीचे है। ग्रामीण क्षेत्रों के निजी स्कूलों की तुलना में सरकारी स्कूलों के कक्षा 3 और कक्षा 5 के छात्रों के पढ़ने और अंकगणितीय कौशल में काफी सुधार दिखा है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

अल्प अवधि निविदाएं आमंत्रण सूचना

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया "डीसी, डीआरसी और बैंक कार्यालयों पर नेटवर्क उपकरण को बढ़ाने/रिफ्रेश करने" के लिए बोली नं. GEM/2025/B/5880343 RFP के लिए ई-बोलियां आमंत्रित की जाती हैं.

GeM पोर्टल पर निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 21/02/2025 को दोपहर 15:00 बजे तक है.

अधिक जानकारी के लिए, हमारी वेबसाइट पर विजिट करें: www.centralbankofindia.co.in

मुख्य प्रबंधक–प्रशासन

बीओआई

**प्रधान कार्यालय:** स्टार हाउस, सी–5, "जी" ब्लॉक, बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई – 400 051 • फोन: 022–61319847/9865
ईमेल: Headoffice.Publicity@bankofindia.co.in

ई–निविदा सूचना

बैंक ऑफ़ इंडिया प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों से सोशल मीडिया प्रबंधन एजेंसी को पैनल में शामिल करने हेतु ई–निविदा आमंत्रित करता है। बोली प्रस्तुतीकरण एम.एस.टी.सी. के ई–प्रोक्योरमेंट प्लेटफार्म पर किया जाना है। बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि 20.02.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक है। यदि कोई शुद्धिपत्र होगा, तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट पर ही डाला जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.bankofindia.co.in** या एम. एस. टी. सी. ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.mstcecommerce.com/eproc** पर विजिट करें।

दिनांक: 29.01.2025 **महाप्रबंधक प्रचार एवं जनसंपर्क**

www.bankofbaroda.in
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

प्रस्ताव हेतु अनुरोध

बैंक ऑफ़ बड़ौदा, प्रधान कार्यालय, वडोदरा **'सीबीडीसी/यूपीआई क्यूआर कोड किट (पसर्नलाइज/नॉन–पसर्नलाइज्ड की प्रिंटिंग और आपूर्ति तथा संबंधित सहायक सामग्री के लॉजिस्टिक्स/प्रशासन के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध(आरएफपी)'** आमंत्रित करता है। प्रस्ताव हेतु अनुरोध संबंधी विस्तृत विवरण सरकारी ई–मार्केटप्लेस (GeM) पोर्टल तथा बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** के निविदा खंड में अंतर्गत उपलब्ध है। आरएफपी दस्तावेज़ में संशोधन सहित 'अन्य सूचना/शुद्धिपत्र' यदि कोई हो, तो इसे सरकारी ई–मार्केटप्लेस (GeM) पोर्टल / बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा। प्रस्ताव को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले बोलीकर्ता इसे अवश्य देख लें।

**उपर्युक्त प्रस्ताव हेतु अनुरोध प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 21–02–2025 दोपहर 03:00 बजे तक है।**

**स्थान : वडोदरा**
**दिनांक : 29.01.2025** **मुख्य महाप्रबंधक**

113/24-25

SREI
एसआरईआई इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड (एसईएफएल)

स्विस चैलेंज पद्धति के तहत सौर परिसंपत्तियों के बिक्री एवं ऋण के असाइनमेंट/निपटान के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

एसआरईआई इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड (एसईएफएल) एसईएफएल के स्वामित्व वाली 36 मेगावाट सौर संपत्ति की बिक्री के साथ–साथ अपने ऋण को सौंपनेधनिपटान करने का इरादा रखता है। इस संबंध में, एसईएफएल एआरसी/एनबीएफसी/एफआईएस / बैंकों/दिशानिर्देशों के तहत किसी भी अन्य अनुमत हस्तान्तरणकर्ता से रुचि की अभिव्यक्ति ("ईओआई") आमंत्रित करता है, ताकि मेसर्स ग्रीन यूटिलिटी प्राइवेट लिमिटेड वाले के स्वामित्व ऋण में प्राप्त किया जा सके एवं SEFL के स्वामित्व वाली 36 मेगावाट सौर संपत्ति का बिकवाली किया जा सके। एसईएफएल केवल "सभी नकद" आधार पर स्विस चौलेंज बोली प्रक्रिया ("बोली प्रक्रिया") शुरू करने का प्रस्ताव कर रहा है।

बकाया ऋण का हस्तांतरण और सौर परिसंपत्ति की बिक्री "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है", "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के आधार पर" ऋणदाताओं द्वारा किसी प्रतिनिधित्व, वारंटी या क्षतिपूर्ति के बिना, मौजूदा प्रस्ताव (ष्एंकर बोलीष) के आधार पर होगी। यह देखते हुए कि नीलामी 'स्विस चौलेंज विधि' के तहत हो रही है, एंकर बोली पर, एंकर बोलीदाता के पास बोली प्रक्रिया दस्तावेज में निर्धारित विशिष्ट अधिमान्य अधिकार होंगे और बोली प्रक्रिया दस्तावेज में विस्तृत रूप से बताए गए तरीके से उच्चतम बोली का मिलान करने का अधिकार होगा।

EOI का प्रारूप, अनुलग्नक, डील सारांश (कंपनी, प्रक्रिया, प्रस्ताव का अवलोकन शामिल) SREI की वेबसाइट (www.srei.com) पर उपलब्ध है। इच्छुक बोलीदाताओं को अनुलग्नकों के साथ EOI को pmooffice@srei.com पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से ईमेल के माध्यम से प्रस्तुत करना चाहिए, जिसमें विषय का उल्लेख हो "ऋण का असाइनमेंट/निपटान और सौर संपत्ति की बिक्री– विज्ञापन दिनांक 29 जनवरी, 2025" या भौतिक रूप से SREI टॉवर, प्लॉट नंबर वाई–10, ब्लॉक EP, सेक्टर V, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता – 700 091"। अनुलग्नकों के साथ ईओआई प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 4 फरवरी, 2025 शाम 5:30 बजे तक है। ईओआई (अनुलग्नकों सहित) प्रस्तुत करने पर, चयनित पात्र बोलीदाताओं को बोली प्रक्रिया दस्तावेज और वर्चुअल डाटा रूम तक पहुंच की अनुमति दी जाएगी, जिसमें मेसर्स ग्रीन यूटिलिटी प्राइवेट लिमिटेड और 36 मेगावाट सोलर एसेट के खाते में यथोचित कार्य शुरू करने और उनकी अपरिवर्तनीय बाध्यकारी बोलियां बनाने के लिए आगे की जानकारी होगी।

SEFL बिना कोई कारण बताए और बिना किसी दायित्व के बोली प्रक्रिया को रद्द करने या संशोधित करने और/या किसी भी शॉर्टलिस्ट किए गए पात्र बोलीदाताओं को अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह कोई प्रस्ताव दस्तावेज नहीं है और इसमें निहित कोई भी बात किसी ऋण/संपत्ति को बेचने के लिए बाध्यकारी प्रस्ताव या प्रतिबद्धता का गठन नहीं करेगी। आवेदकों को स्पष्टीकरण / संशोधन / समय–विस्तार, यदि कोई हो, के बारे में खुद को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से उपरोक्त वेबसाइट पर जाना चाहिए। SEFL किसी भी समय, बिना कोई कारण बताए या कोई दायित्व या लागत लिए, किसी भी समय, इस आमंत्रण को संशोधित, परिवर्तित, संशोधित औरध्या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसा कोई भी संशोधन वेबसाइट पर ऊपर बताए अनुसार उपलब्ध होगा।

स्थानः कोलकता
दिनांकः 29.01.2025

हस्ता/–
सीईओ SEFL

Will healthcare get a shot in the arm?

Budget questions, answered with 50 years of Insight.

BUDGET INSIGHT OUT 2025-26
CHARTING A NEW GROWTH PATH

On Business Standard
Newspaper | App | Website | YouTube

Don't miss our special Budget edition on Sunday, February 2

To book your copy sms reachbs to 57575 or email order@bsmail.in

Business Standard 50 Years of Insight

businessstandard bsindia business.standard business-standard.com

आई आई एफ सी एल
I I F C L

*भविष्य की नींव का निधिकरण*

इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

5वीं मंज़िल, ब्लॉक 2, प्लेट ए और बी, एनबीसीसी टॉवर, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली–110023
31 दिसंबर 2024 को समाप्त अवधि के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सारांश
सिन नं.(CIN No). U67190DL2006GOI144520
वेबसाइट : www.iifcl.in, ई–मेल : information@iifcl.in, फोन :+91-11-24662777

(₹ लाख में)

| क्र.सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही की समाप्ति | | अर्ध वर्ष समाप्ति | | वर्ष की समाप्ति |
| | | 31-12-2024 (अलेखापरीक्षित) | 31-12-2023 (अलेखापरीक्षित) | 31-12-2024 (अलेखापरीक्षित) | 31-12-2023 (अलेखापरीक्षित) | 31-03-2024 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 1,52,586.27 | 1,43,252.79 | 4,45,595.62 | 3,56,734.20 | 5,06,937.69 |
| 2 | निवल लाभ / (हानि) (कर, असाधरण और या असाधरण मदों के पहले) | 69,722.99 | 16,840.81 | 1,70,219.55 | 1,35,745.78 | 2,02,850.58 |
| 3 | निवल लाभ / (हानि) कर से पहले (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 69,722.99 | 16,840.81 | 1,70,219.55 | 1,35,745.78 | 2,02,850.58 |
| 4 | निवल लाभ / (हानि) कर के बाद (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 52,889.39 | 12,616.43 | 1,34,171.10 | 1,01,999.94 | 1,55,160.73 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इस अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 52,933.31 | 12,472.93 | 1,34,072.12 | 1,01,507.08 | 1,54,756.46 |
| 6 | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (₹10 प्रत्येक के मूल्य पर) | 9,99,991.62 | 9,99,991.62 | 9,99,991.62 | 9,99,991.62 | 9,99,991.62 |
| 7 | आरक्षिती (पुनर्मूल्यांकन आरक्षिती को छोड़कर) | 5,65,315.87 | 3,83,122.48 | 5,65,315.87 | 3,83,122.48 | 4,26,633.06 |
| 8 | निवल मूल्य | 15,65,307.49 | 13,83,114.10 | 15,65,307.49 | 13,83,114.10 | 14,26,624.68 |
| 9 | ऋण इक्विटी अनुपात | 3.83 | 3.63 | 3.83 | 3.63 | 3.50 |
| 10 | प्रति शेयर भारित औसत आय (प्रत्येक ₹10 की) (जारी रखने और बंद किए गए परिचालनों के लिए) - * | | | | | |
| | 1. मूल्य (₹) : | 0.53* | 0.12* | 1.34* | 1.02* | 1.55 |
| | 2. तनुकृत (₹) : | 0.53* | 0.12* | 1.34* | 1.02* | 1.55 |
| 11 | डिबेंचर मोचन (रिडम्पशन) रिजर्व | 54,568.28 | 98,087.76 | 54,568.28 | 98,087.76 | 54,568.28 |

*वार्षिककृत नहीं

**सूचना :**

क) उपरोक्त सेबी (सूचीकरण और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप www.bseindia.com, www.nseindia.com और www.iifcl.in पर उपलब्ध है।

ख) **28 जनवरी 2025** को हुई ऑडिट कमेटी की बैठक में उपरोक्त परिणामों की समीक्षा की गई और **28 जनवरी 2025** को आयोजित उनकी बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। **31 दिसंबर 2024** को समाप्त अवधि के स्टैंडअलोन परिणामों की समीक्षा आईआईएफसीएल के वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया।

ग) पिछली अवधियों के आंकड़ों को तुलनीय बनाने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.01.2025

(डा. पी.आर. जयशंकर)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन नंबरः 6711526